कार्यालय–प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
Email id: nodalfca.forest@uk.gov.in Phone/Fax: 01352767611

संख्याः– 2403 /12–1 देहरादूनःदिनॉक 29 मार्च, 2025

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग,
पिथौरागढ़।

विषयः– जनपद–पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र गंगोलीहाट में राम मंदिर से सिराड़ी गॉव प्राथमिक विद्यालय ठठौली ससपोड़ा तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.71 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। (Online No. FP/UK/ROAD/149153/2021)

संदर्भः– भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून का पत्रांक 8बी/यू0सी0पी0/06/161/2020/एफ0सी0/1393 दिनांक 03–03–2025.

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगतनीय है कि भारत सरकार द्वारा वांछित बिन्दुवार सूचना वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड अल्मोड़ा के पत्रांक 2122/12–1 दिनांक 24.02.2025 के द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध करायी गयी है। उक्त सूचना के परीक्षणोंपरान्त पाया गया है कि वांछित सूचना के बिन्दु संख्या–4 के क्रम में क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित 02 पैचों की के0एम0एल0 फाईल, जिसमें 1 पैच–1.24 है0 एंव दूसरा पैच–2.00 है0 अर्थात कुल 3.24 है0 क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल की Kml file ऑनलाईन अपलोड की गयी है, जबकि क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु 3.42 है0 क्षेत्रफल प्रस्तावित किया गया है।

अतः क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु (2 पैच– 3.24 है0) की Kml file को संशोधित कर (3.42 है0) की Kml file ऑनलाईन पोर्टल पर यथा स्थान अपलोड करते हुये हार्ड प्रति में भी इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रकरण को अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु भारत सरकार को प्रेषित किया जा सके।

संलग्नः–यथोपरि।

भवदीय,

(आर0के मिश्र)
प्रमुख वन संरक्षक एवं नोड़ल अधिकारी
वन संरक्षण, देहरादून।

संख्याः–2403 /12–1 तददिनॉकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।
2– अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, बेरीनाग, पिथौरागढ़।

(आर0के मिश्र)
प्रमुख वन संरक्षक एवं नोड़ल अधिकारी
वन संरक्षण, देहरादून।